दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेकाहारा के नामकरण बाबा गुरूघासीदास जी के नाम किये जाने पर जनप्रतिनिधि सहमत

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** कलेक्टर श्री भीम सिंह की अध्यक्षता में आज मेडिकल कालेज स्थित नवनिर्मित चिकित्सालय का नामकरण छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरू घासीदास जी के नाम से किये जाने के संबधं में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। रायगढ़ की महापौर श्रीमती जानकी काटजू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश भारद्वाज की उपस्थिति में संपन्न बैठक में मेडिकल कालेज अस्पताल का नामकरण बाबा गुरूघासीदास जी के नाम पर किये जाने का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आर.ए.कुरूवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 16 जुलाई को

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कोविड-19 अस्थायी लैब टेक्नीशियन पद हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के दावा-आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा/साक्षात्कार 16 जुलाई 2020 को प्रातः 10 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ में आयोजित की जाएगी।

आवेदक आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों के मूल प्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए उपस्थित हो सकते है। कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार निर्धारित तिथि एवं समय में केवल आवेदक ही परिसर में उपस्थित होंगे एवं एक-दूसरे से फिजिकल/सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगे। कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु पंजीयन प्रातः10 बजे से 12 बजे तक ही स्वीकार्य होगा।

### जिले में 370.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 13 जुलाई तक 370.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 306.9 मिली मीटर, पुसौर में 369.2, खरसिया में 290.2, सारंगढ़ में 469.2, बरमकेला में 362.1, घरघोड़ा में 344.8, तमनार में 323.5, लैलूंगा में 505.8 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 366.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ग्राम खैरपुर के पंचायत सचिव शत्रुघन जायसवाल निलंबित

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत रायगढ़ ग्राम पंचायत खैरपुर के पंचायत सचिव श्री शत्रुघन जायसवाल को 14 वें वित्त की राशि का बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति एवं निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्य नहीं कराते हुए शासकीय राशि का दुरूपयोग किये जाने के लिए प्रथम दृष्ट्यां दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलंबन अवधि में शत्रुघन जायसवाल का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रायगढ़ निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में उसे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कॉलेज परिसर में फलदार और छायादार पौधे रोपित

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के द्वितीय चरण में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद परिसर में प्राचार्य डॉ ज्योति पाण्डेय के निर्देशानुसार महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार 30 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर डॉ. ए करीम, प्रो एस बरवा, प्रो करूणा दुबे, डॉ ईपी चेलक, एसआर रात्रे, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती सेठ, राजेश शर्मा, एस आर मन्नाडे, कुंदन देवांगन, केशर कश्यप, राकेश जांगड़े, संतोष कन्नौजे, रवि ओगरे, सुशील जांगड़े, शशांक दानी उपस्थित रहे।

### चोपड़ा को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डा विमल चोपड़ा के जन्मदिन पर 10 जुलाई को जैन नर्सिंग होम में सुबह से ही बधाई देने वालों और गुलदस्ता भेंट करने वालों का तांता लगा रहा। दोपहर 3 बजे से बरोंडाचौक स्थित सांसद कार्यालय में कार्यकताओं ने जन्मदिन मनाया।

## 64 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

# निर्माण कार्य पूरे होने से ग्रामीण विकास को मिल रही है तेजी-उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल

**न्यायसाक्षी / रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री व खरसिया विधायक श्री उमेश पटेल ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरवानी, बरगढ़ और पलगढ़ा में 64.35 लाख के लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों के पूर्ण हो जाने पर उनका लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ग्रामीण विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्य जो स्वीकृत किये गए थे वे अब पूर्ण हो चुके हैं और अब जन सुविधा के लिए उनका उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना संकट के कारण पिछले कुछ समय से निर्माण कार्यों में जो अल्प विराम लगा था, उसे पुनः गति दी जा रही है और लोगों की आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण इलाकों में कार्य स्वीकृत कर शीघ्र प्रारम्भ किया






जाएगा। उन्होंने सरवानी ग्राम में निर्मित सीसी रोड की लंबाई को बढ़ाने और इसे मुख्य सड़क तक जोडने का कार्य शीघ्र करवाने की भी घोषणा की।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण**

ग्राम बरगढ़ में पूर्ण हुए निर्माण कार्यो में आंगनबाड़ी भवन तुरीपारा, सीसी रोड निर्माण कार्य इंदिरा आवास पारा, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शिव मंदिर के पास, चबूतरा निर्माण कर्रानाला, आंगनबाड़ी भवन भाठागांव, पानी टंकी निर्माण उरांव पारा, चबूतरा निर्माण कार्य इंदिरा आवास, सीसी रोड निर्माण कार्य उरांव पारा एवं मुक्तिधाम निर्माण कार्य तथा सरवानी ग्राम में पीडीएस भवन सह गोदाम तथा वार्ड क्रमांक 1 व 2 में सीसी रोड निर्माण, पलगड़ा ग्राम में सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल, जनपद पंचायत खरसिया अध्यक्ष श्री मेहत्तर उरांव, जनपद पंचायत खरसिया उपाध्यक्ष श्री कन्हैया पटेल, जनपद सदस्य बरगढ़ श्रीमती अर्चना रामलाल सिदार, श्री शुकदेव प्रसाद डनसेना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया श्री आर.डी.साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सरवानी श्रीमती राजकुमारी गिरधर सिदार, उप सरपंच श्रीमती खिरोद्र देवी जायसवाल, बरगढ़ सरपंच श्री सुमित राम राठिया, बरगढ़ उपसरपंच श्रीमती उमा पटेल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बिना मॉस्क के घरों से बाहर निकलने पर सख्ती होगी-कलेक्टर श्री भीम सिंह

## व्यापारिक प्रतिष्ठान मॉस्क नहीं सामान नहीं की नीति का पालन करें

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज शहर के व्यापारिक प्रतिनिधियों की बैठक लेकर कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिये सावधानी बरतने वाले नियमों का कड़ाई से पालन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारिक प्रतिनिधियों से कहा कि अपने दुकान में बैठते समय आप स्वयं भी मॉस्क पहने और आपके दुकानों में आने वाला ग्राहक यदि बिना मॉस्क के आता है तो उसे सामान नहीं दे और दुकान के बाहर %मॉस्क नहीं-सामान नहीं का बोर्ड अवश्य लगावें तथा दुकान के बाहर रस्सी अथवा तार की सीमा बांधकर ग्राहक से दूरी बनाये रखे। कोरोना संक्रमण से बचाव का यह प्रभावी तरीका है। इस नियमों का पालन करने से आप स्वयं अपनी सुरक्षा करेंगे और आपके परिवार के सदस्य तथा पूरा समाज सुरक्षित रहेगा। वर्तमान में कोरोना संक्रमण रोकने के अभियान में एक छोटी सी लापरवाही अत्यंत घातक सिद्ध होगी, एक बार नियंत्रण से बाहर निकलने पर इस पर कोरोना महामारी पर काबू पाना असंभव हो जायेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कोरोना के विरूद्ध लड़ाई में प्रशासन स्तर पर बहुत से प्रयास किये जा रहे है। जिसमें बाहर से आने वाले व्यक्तियों को 14 दिनों तक होम क्वारेंटीन में रहना अनिवार्य है इन व्यक्तियों की निगरानी नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग के





कर्मचारियों द्वारा की जा रही है साथ ही मोबाइल एप के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है जो व्यक्ति होम क्वारेंटीन का उल्लंघन कर रहे है उनके विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने व्यापारी प्रतिनिधियों से कहा कि अपनी समस्याये और सुझाव चेम्बर ऑफ कामर्स के माध्यम से रख सकते है। प्रशासन उन सुझावों पर विचार करेगा। बैठक में निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ऑनलाइन शिक्षा में हमारे नायक स्तंभ में बदलाव

**न्यायसाक्षों /रायगढ़ ।** कोरोना काल में हुई स्कूल में तालाबंदी के दौरान स्कूली शिक्षा व बच्चों की नियमित पढ़ाई के लिए शुरू किये गए ऑनलाइन पोर्टल पढ़ई तुंहर दुआर के स्तंभ हमारे नायक की चयन प्रक्रिया में बदलाव के साथ, सीखने के वैकल्पिक मॉडल का विस्तार किया जा रहा है। हमारे नायक नाम से शुरू किये गए स्तंभ में प्रतिदिन स्कूली बच्चों की स्वरचित मौलिक कहानियों का प्रकाशन किया जाकर, बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया था। शुरुआती चरण सामग्री देखने और अपलोड करने पे फोकस करते हुए एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए संसाधनों को जुटाना एवं इससे जुडने के लिए अभ्यास था। इस स्तम्भ में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा ऑनलाइन क्लासेस में बढिया काम करने के आधार पर शिक्षकों एवं बच्चों का हमारे नायक में चयन किया जा रहा था। अब आगामी तीसरे चक्र में इस स्तम्भ हमारे नायक के चयन के लिए प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब तीसरे चरण में हमारे हीरो, हमारे नायक होंगे ऐसी शख्सियतें जो व्यक्तिगत रुचि लेकर बच्चों की पढ़ाई को जारी रखने के लिए प्रयासरत कर रहें है। प्रक्रिया में हुए




बदलाव के इस चक्र में हमारे नायक में अब जिले में शिक्षक से लेकर, जिला शिक्षा अधिकारियों का चयन किया जाएगा। विभिन्न स्तरों पर इनके माध्यम से बच्चों की शिक्षा में एक निर्धारित संख्या से अधिक संख्या में स्कूलों में वैकल्पिक शिक्षा की सुविधा निरंतर प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिसके तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे सुकमा में मोटर सायकिल स्कूल कांसेप्ट, बस्तर में लाउडस्पीकर स्कूल, दंतेवाड़ा में बुलटू रेडियो और रायगढ़ जिले में स्थानीय केबल टीवी के माध्यम से ऑनलाइन पाठो का प्रसारण, नियमित संचालन व व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य कर रहे शिक्षक इस दिशा में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इसी तरह सीखने के वैकल्पिक मॉडल में विस्तार किया जाकर विभिन्न वैकल्पिक उपाय भी सुझाये गए है जैसे पढ़ई हमर पारा, वर्क शीट, गृहकार्य तुंहर दुआर, हर बोलवा शिक्षा सारथी, पालकों के माध्यम से घर-घर पढ़ाई। जिसके तहत इनमें से अथवा किसी और नवाचारी उपाय अपना कर, मॉडल का संचालन कर, उसके प्रमाण योजना की जानकारी, केन्द्र की सूची, सम्पर्क नम्बर, स्कूल का नाम, नोडल अधिकारी का नाम, अपनाई गई योजना में शामिल अधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं क्रियान्वयन से संबंधित फोटोग्राफ्स का संकलन किया जाना है और अधिकारियों द्वारा एक सफ्ताह के भीतर योजना से संबंधित व क्राइटेरिया के भीतर समस्त चीजों का विवरण गूगल फार्म में भेजा जाएगा।

# शहर में सफाई अभियान निरंतर जारी रहना चाहिये-कलेक्टर श्री भीम सिंह

### कलेक्टर ने की 26 वार्डों के सफाई अभियान की समीक्षा

**भास्कर न्यूज / रायगढ़।** कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में चलाये जा रहे सफाई अभियान की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 1 से 24 तथा वार्ड क्रमांक 39-40 में सफाई अभियान का प्रथम चरण पूर्ण होने पर इन वार्डों के लिए सफाई व्यवस्था निरीक्षण के लिये नियुक्त प्रभारी नोडल अधिकारियों से वार्डवार जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि यह सफाई अभियान निरंतर चालू रहेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने नगर वासियों से सफाई अभियान के प्रति जागरूक होकर सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सफाई के लिए नगर निगम तो



अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है परंतु आम नागरिकों को भी अपना दायित्व निभाना चाहिये। कुछ स्थानों पर सफाई हो जाने के बाद भी खुले में लोग कचरा फेक रहे है इससे बरसात होने पर पानी के बहाव में नालियां जाम होगी और सड़क पर गंदगी फैलेगी अतः सभी लोगों को कचरा कलेक्शन करने वाले वाहनों में कचरा डालने की आदत डालनी होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान नगर निगम आयुक्त को सफाई अभियान में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने और आवश्यकता के अनुरूप कचरा कलेक्शन के लिये रिक्शे क्रय करने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर श्री भीम सिंह ने की जिले के कृषि कार्यो के प्रगति की समीक्षा

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज अपने कक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में खरीफ फसल की बुआई तथा किसानों को अब तक खाद बीज के किये गये वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के किसानों को किये जाने वाले खाद वितरण में खाद की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाये जाने पर पूरी खाद वापस कर तय सीमा में अच्छी क्वालिटी की खाद मंगाकर किसानों को तत्काल वितरित की जाये जिससे जिले के किसान समय पर खाद का उपयोग कर सके। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति उनके फसलों से होने वाली आय पर निर्भर रहती है जब किसान समृद्ध होगा और आत्म निर्भर बनेगा तभी प्रदेश में खुशहाली आयेगी। समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खरीफ फसल की बुआई का काम 58 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। किसानों को 79 प्रतिशत बीज की आपूर्ति की गयी है और खाद का वितरण 82 प्रतिशत किया जा चुका है। जिले के किसानों को खरीफ फसल के लिए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उत्पादन के लिये 91 प्रतिशत अधिक खाद का वितरण किया गया है। जिले की सभी समितियों में खाद एवं बीज का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले में वर्षा की स्थिति के बारे में उन्होंने बताया कि वर्तमान अवधि तक पिछले दस वर्षो की औसत वर्षा की तुलना में इस वर्ष अभी तक 126 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत एक माह पूर्व तक जिले के 57 प्रतिशत किसानों का पंजीयन हो सका था। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशों के पालन में एक माह के भीतर जिले के 92 प्रतिशत किसानों का पंजीयन हो गया है और पिछले वर्ष इस अवधि तक केवल 36 प्रतिशत किसानों को सम्मान निधि का प्रथम किश्त प्राप्त हुई थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480